तापमान

अधिकतम 27 .5 डिग्री
न्यूनतम 8 .8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 24 नवंबर 2025



12 वीआईपी स्कूल में बहुविषयी प्रदर्शनी का आयोजन, बच्चों के आकर्षक मॉडलों का किया प्रदर्शन





12 मोदी सरकार ने दिया देश में एकता को बढ़ावाः राव इंद्रजीत सिंह




## खबर संक्षेप

### मारपीट व धमकी देने के चार आरोपी काबू

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने कारोली गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 10 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने कारोली निवासी पवन, प्रवीण, रमेश और राजेश को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीस में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने अक्टूबर माह में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 22 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने मोहित व दो लड़कियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग शामिल है। तफ्तीश में शामिल करते हुए आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। इस मामले में आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### हादसे के बाद फरार वाहन चालक काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद गत 19 नवंबर को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच करते हुए पुलिस में राजस्थान के झुंझुनू जिले के अमरसिंह पुरा निवासी राजेंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** डहीना पुलिस चौकी ने गोठड़ा टप्पा डहीना में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 22 नवंबर को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गोठड़ा टप्पा देना निवासी धर्मेंद्र, राजवीर और रामकिशन को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर मारपीट और धमकी देने के आरोप हैं। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रास्ता रोकने के मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 15 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उस पर पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति पर धमकी देने का आरोप है। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पुरानी अनाज मंडी के पास रहने वाले अशोक को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने महिला के साथ छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 14 नवंबर को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। महिला का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने पुरानी सब्जी मंडी एरिया निवासी दयानंद को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

*प्रति वर्ष पार्कों के रखरखाव का लाखों रुपये का बजट, फिर भी नहीं सुधर पा रहे हालात*

# शहर के पार्कों की बिगड़ी दशा कर रही लोगों की सेहत खराब, ओपन जिम व झूले टूटे

### पार्क की सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के पार्कों की मेंटेनेंस के लिए नगर परिषद में प्रति वर्ष लाखों रुपये को बजट आने के बाद भी इनकी दशा बिगड़ी हुई है। नगर परिषद की ओर से पार्कों की देखरेख तक नहीं की जा रही है। शहर के मुख्य पार्कों की दयनीय हालत घूमने आने वाले लोगों की सेहत खराब कर रही है। पार्कों में लाखों रुपये की लागत से लगाए गए ओपन जिम इंस्ट्रूमेंट व झूले टूटकर बिखर चुके है। यहां तक कि कई जिम मशीनों के पार्टस तक गायब हो गए है। पार्कों में सफाई पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर के राव तुलाराम पार्क, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पार्क, नेहरू पार्क व ब्रास मार्केट के पार्क में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है।



रेवाड़ी। नेहरू पार्क में लगा कचरे का ढेर। फोटो : हरिभूमि

### मौजूदा हालात में पार्क में स्ट्रीट लाइट है मगर जलती नहीं पार्क में फव्वारे लगे है जो कि जर्जर होने के साथ बंद पड़े



**नेहरू पार्क की टूटी पड़ी चारदीवारी**

### सेक्टरों के पार्कों की भी हालत खराब

शहर के ब्रास मार्केट स्थित हुडा पार्क की शुरू से ही दयनीय हालत रही है। 1995 में उद्घाटन के बाद देखरेख के अभाव में पार्क की हालत बिगड़ती चली गई। मौजूदा हालात में पार्क में स्ट्रीट लाइट है मगर जलती नहीं। पार्क में फव्वारे लगे है। जो कि जर्जर होने के साथ बंद पड़े है। पार्क की चारदीवारी टूट चुकी है। पार्क की घास गायब हो चुकी है। पार्क की सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। सेक्टरों के पार्कों की भी हालत खराब हो चुकी है। सेक्टर-1 के पार्क में लंबे समय से सीवर का गंदा पानी जमा हो रहा है। सेक्टरवासियों की ओर से प्रशासन को बार-बार शिकायत देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।



रेवाड़ी। ब्रास मार्केट पार्क में टूटा पड़ा हुआ झूला। फोटो : हरिभूमि

### देखरेख के अभाव में पार्कों की दशा खराब

*नगर परिषद की ओर से शहर के नेहरू पार्क, राव तुलाराम पार्क व संजय पार्क सहित सेक्टरों के पार्कों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर के प्रत्येक पार्क में ओपन जिम लगाने में करीब 2 लाख रुपए का खर्चा भी आया था। इसके बाद मेंटेनेंस के नाम पर भी लाखों रुपये खर्च किए जा चुके है, लेकिन पार्कों के हालत फिर भी नहीं सुधर रही है। नइ पार्कों में रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते है। पार्कों में बच्चों के झूले भी दम तोड़ चुके है।*

### चौकीदारों की व्यवस्था नहीं



शहर के मुख्य पार्कों में चौकीदारों की व्यवस्था न होने के कारण अव्यवस्था फैल रही है। पार्कों में लगे झूले व ओपन जिम मशीनों टूटने के साथ इनके सामान भी गायब हो रहे है। पार्कों में आने वाले असामाजिक तत्व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे है, यहां तक की सामान भी गायब कर रहे है। राव तुलाराम पार्क, नेहरू पार्क व नेताजी सुभाष पार्क में लाखों रुपये के झूले जर्जर हालत में आ चुके है। पार्कों के घास की कटाई, पेड़ों की छंटाई के रखरखाव व साफ-सफाई का भी ध्यान दिया जा रहा है। पार्कों की चारदीवारी तक टूट चुकी है। निरीक्षण के एक महीना बीत जाने पर भी पार्क की दयनीय हालत बनी हुई है।

# टायर फटने के बाद स्लैब पर चढ़ी कार बाल-बाल बचे गाड़ी में सवार लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैसलमेर हाइवे से दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे को जोड़ने वाले आउटर बाईपास पर रविवार सुबह उस समय बड़ा हादसा होने से टल गया, जब टायर फटने के बाद डिवाइडर के स्लॉब पर चढ़ गई। कार में सवार चालक व अन्य लोग बाल-बाल बच गए। आउटर बाइपास एक स्विफ्ट कार जैसलमेर रोड की ओर जा रही थी। जब कार फलाईओवर से नीचे उतर रही थी, तो उसका अगला टायर फट गया। स्पीड तेज होने के कारण कार डिवाडर के साथ बनाए गए लगभग पांच फुट ऊंचे स्लैब पर चढ़ गई।



■ क्रेन की मदद से उसे स्लैब से नीचे उतारा गया

रेवाड़ी। डिवाइडर के पास बने स्लैब पर तिरछी खड़ी कार। फोटो : हरिभूमि

### कार को कुछ खास नुकसान नहीं हुआ

लेकिन चालक ने अंतिम समय तक नियंत्रण नहीं खोया। आखिरकार कार तिरछी होकर स्लॉब पर रुक गई। उसमें सवार चालक व अन्य लोग सुरक्षित बच गए। कार को स्पॉट लगाकर काफी देर तक वहीं रोके रखा। बाद में क्रेन की मदद से उसे स्लॉब से नीचे उतारा गया। कार को स्लॉब पर तिरछी अवस्था में देखकर वहां से गुजरने वाले लोग इस बात को लेकर हैरान थे कि इतनी ऊंचाई पर जाने के बाद भी कार पलटने से कैसे बच गई। हादसे के बाद कार को भी कुछ खास नुकसान नहीं हुआ।

*कई स्थानों पर बनने के साथ ही बिखर रही सड़कें*

# सेक्टर की सड़कों की गुणवत्ता पर संदेह निर्माण के साथ ही बाहर निकल रही रोड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से सेक्टर-19 में सड़क निर्माण का जो कार्य शुरू कराया है, उसमें निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। निर्माण के साथ ही सड़क की रोड़ियां बाहर आने लगी हैं, जिससे यह सड़कें निर्माण के कुछ समय बाद ही दम तोड़ सकती हैं। एचएसवीपी के अधिकारी निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दे रहे, जिससे सड़क निर्माण में घोटाले की बू आ रही है। सेक्टर-19 इस समय विकसित हो रहा है। इसमें मकानों के निर्माण का कार्य चल रहा है। सेक्टर बनने के बाद जिन सड़कों का निर्माण कराया गया था, वह टूटकर जर्जर हो चुकी थीं। अब सेक्टर की सड़कों का लगभग 3.5 करोड़ रुपये की लागत से नए सिरे से निर्माण कराया जा रहा है। सेक्टर में रहने वाले लोगों योगेंद्र, राजेश कुमार, अमित, विजय और प्रकाश आदि ने बताया कि सेक्टर के गढ़ी बोलनी रोड से निकलने वाले मुख्य मार्ग से लेकर संपर्क सड़कों का निर्माण इस समय चल रहा है।





रेवाड़ी। सेक्टर-19 में हाल ही बनी सड़कों से बाहर निकली हुई रोड़ियां। फोटो : हरिभूमि

### जल्द करवाई जाएगी सामग्री की सैंपलिंग

*एचएसवीपी के एसई अमित राठी ने बताया कि उन्हें सड़क निर्माण में गड़बड़ी की कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है, तो जल्द निर्माण सामग्री की सैंपलिंग कराई जाएगी। निर्माण सामग्री घटिया मिलने की सूरत में संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सड़क निर्माण में कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

# गुरु तेग बहादुर ने भारत की सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिए दिया बलिदान : डा. वंदना पोपली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने भारत की सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना महान बलिदान दिया। भारत का बच्चा-बच्चा उनका सदा ऋणी रहेगा। वे रविवार को भारत विकास परिषद की रेवाड़ी शाखा की ओर से गुरू तेग बहादुर सिंह के 350 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रही थी। शहर के मोहल्ला छीपटवाड़ा के गोरी शंकर मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु तेग बहादुर सिंह, भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में संत जगदेव सिंह की तलवंडी ने गुरू नानक से लेकर गुरू गोविंद सिंह का उल्लेख करते हुए तात्कालिक बादशाह औरंगजेब के धर्मांतरण की चालबाजियों का गुरू तेग बहादुर सिंह द्वारा विरोध किए जाने पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुकेश सैनी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने हिंदू समाज के सामने अपने बलिदान का सर्वश्रेष्ठ और आदर्श उदाहरण स्थापित किया।





रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व शाखा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर शाखा संरक्षक रमेश सचदेवा, सचिव रामकिशोर सैनी, कोषाध्यक्ष प्रेम मेंहदीरता, हुकुमचंद प्रजापत, नितिन गोयल, अजय गुप्ता, योगेश शर्मा, डा. दीपक सैनी, मदनलाल सैनी, कुंदनलाल सैनी, कृष्ण कुमार, मोहित सचदेवा, विनोद शर्मा, नंदलाल ढींगड़ा, हुक्म चन्द सैनी व महेंद्र सैनी सहित महिला संयोजिका ज्योति शर्मा व ज्योति सचदेवा भी उपस्थित थी। कार्यक्रम के संयोजक सरदार कश्मीर सिंह थे।

# शेयर मार्केट ऐप से 14.45 लाख की साइबर ठगी मामले में दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने ऐप के जरिए शेयर मार्केट में पैसा निवेश करके मुनाफा कमाने का लालच देकर लगभग 14.45 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। सेक्टर-3 निवासी विनोद कुमार ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह दवाओं की मार्केटिंग का कार्य करता है। उसने 18 अगस्त को अपने मोबाइल फोन पर शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने के लिए ऐप डाउनलोड की थी। ऐप पर खाता बनाने के बाद उसने शुरूआत में 5 हजार रुपये बैंक खाते से ऐप में बने खाते में ट्रांसफर किए थे। अपने और अपनी पत्नी के बैंक खातों से पैसा ट्रांसफर करता रहा। उसने 3 सितंबर तक लगभग 14.45 लाख रुपये ऐप के जरिए ट्रांसफर कर दिए। उसके खाते में 4949697 रुपये दिखाए गए। उसने यह रकम वापस निकालने का प्रयास किया, तो उसे इस रकम का 10 फीसदी हिस्सा और जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ।

### ज्वाइंट अकाउंट में गए थे 4.5 लाख रुपये

*पुलिस शिकायत में विनोद कुमार ने बताया था कि वह साइबर ठगी का पता चलने के बाद इस कदर सदमे में आ गया था कि तुरंत पुलिस को शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए इस मामले में एमपी के जिला रीवा के चौरा निवासी प्रद्युमन मिश्रा और रीवा के रहट निवासी संदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों के ज्वाइंट बैंक अकाउंट में ठगी की रकम के 4.5 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे।*





*सुबह के समय प्रदूषण का संकट बरकरार, बरसात की अभी कोई संभावना नहीं*

# इस सप्ताह कड़े होंगे ठंड के तेवर, तापमान में गिरावट आना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवंबर माह के अंत में ठंड के तेवर तीखे होने शुरू हो गए हैं। दिन-रात के तापमान में गिरावट आना शुरू हो गया है। इस सप्ताह तापमान में और गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को माह के अंत में कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। सुबह के समय प्रदूषण का संकट अभी भी लोगों को परेशान कर रहा है। जल्द बारिश के अभी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। प्रदूषण के चलते धुआं कोहरे की तरह छाया रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 27.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 60 प्रतिशत रहा, जबकि दिन के समय 5 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। बीते साल की तुलना में इस बार नवंबर के अंत में तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। गत वर्ष 23 नवंबर को अधिकतम तापमान 30.9 और न्यूनतम 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिन के समय अभी तक गर्म कपड़ों की दरकार नहीं होती। दोपहर बाद तक तेज धूप के चलते ठंड का असर गायब रहता है। सोमवार से तापमान में गिरावट आने से दिन के समय भी ठंड का असर बढ़ेगा, जिससे लोगों को गर्म कपड़ों की दरकार होगी। मौसम विभाग के अनुसार दिन और रात के तापमान में एक से दो डिग्री तक की गिरावट आ सकती है, जिससे कड़ाके की ठंड का असर शुरू हो जाएगा। आने वाले दिनों में कोहरे का सामना भी करना पड़ेगा। एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जिस कारण अभी सूखी ठंड परेशान करेगी।



रेवाड़ी। एक खेत में तेजी से बढ़ रही सरसों की पैदावार। फोटो : हरिभूमि

### औस गिरने से एक्यूआई बढ़ रहा

रात के समय आसमान से औस गिरना शुरू हो गया है। इससे प्रदूषण के कारक तत्व वजनदार होकर जमीन के आसपास ही मंडराते हैं। सुबह के समय धूल और धुएं की चादर बनी रहती है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तेज धूप निकलने के बाद दोपहर तक एक्यूआई में तेजी से सुधार आ जाता है। रविवार को सुबह के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई 266 दर्ज किया, जो दोपहर बाद कम होकर 153 पर आ गया। दोपहर तक धुआं का असर भी कम हो गया।

### फसलों को औस से हो रहा फायदा

रबी की प्रमुख फसलों गेहूं और सरसों के लिए औस और कोहरा दोनों ही फायदेमंद साबित होते हैं। औस गिरना शुरू होते ही सरसों की फसल का तेजी से विकास हो रहा है। अगेती सरसों को फूल आने भी शुरू हो गए हैं। आने वाले 15 दिनों में सरसों के खेतों में बसंती रंग देखने को मिलेगा। गेहूं की फसल भी जमीन से ऊपर उठ रही है। सिंचाई के लिए किसान बरसात का इंतजार कर रहे हैं। इस समय अगर बरसात होती है, तो इससे दोनों फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ 17 को धरना-प्रदर्शन कर सौंपेगा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ओर से 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक धरना व विरोध प्रदर्शन करके जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ के प्रधान आरडी शर्मा ने बताया कि अभी नवगठित आयोग को भारत सरकार की ओर से जारी पत्र के तहत पेंशन अनफंडिड ऑफ नानकंट्रीब्यूट्री जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है। केंद्र सरकार का मानना है कि भारत में पेंशन सिस्टम नहीं है, जबकि भारत सरकार में पेंशन के लिए 10 लाख करोड़ से भी ज्यादा राशि है। उच्चतम न्यायालय का निर्णय 1983 तथा संविधान के अनुच्छेद 14 का सरेआम उल्लघंन किया जाना है, जिसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

लाइफ Style



# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

## हॉलीवुड मसाला



# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।




# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

## टीवी मसाला



# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज़ की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के



साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।

# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स


*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका

फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।



### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।



### संजय दत्त- कांचा

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।



### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



## खबर संक्षेप



### यादव कल्याण सभा के कैंप में 133 की हुई जांच

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 133 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर फ्री दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में डा. विक्रम यादव ने मेडिसन, डा. सिद्धार्थ यादव ने हड्डी रोग, डा. प्रदीप यादव ने सर्जरी, डा. कंचन यादव ने नेत्र रोग, डा. कोमल यादव ने दंत रोग व डा. सुमन यादव ने स्त्री रोग के रोगियों के लिए ओपीडी सेवाएं प्रदान की। इनके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी सेवाओं के लिए उपलब्ध थे। कैंप के आयोजन में यादव सभा के प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह, शशिभूषण, अमर सिंह, आरएस यादव, प्रो. सतीया यादव व अशोक ने सहयोग दिया।



### ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**रेवाड़ी।** पुलिस की नशा मुक्त टीम ने रविवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गांव गोठडा टप्पा डहीना, लिसान व सीहा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने और युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर एएसआई जितेंद्र कुमार ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा।एएसआई ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना हो, कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता हो या नशे की सप्लाई इत्यादि करता हो तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।

# मोदी सरकार ने दिया देश में एकता को बढ़ावा : राव इंद्रजीत सिंह

### शहर में राव तुलाराम स्टेडियम से राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ बावल रोड शहीद स्मारक तक निकाली गई पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में किए जा रहे सरदार @ 150 यूनिटी मार्च के तहत माई भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में रविवार को राव तुलाराम स्टेडियम से लघु सचिवालय तक में पदयात्रा का आयोजन किया गया।

पदयात्रा का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा भावना को सुदृढ़ करना रहा। राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना और संस्कृति राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार व कोसली से विधायक अनिल यादव मौजूद थे। डीसी अभिषेक मीणा ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का अभिवादन किया।



रेवाड़ी। स्टेडियम से यूनिटी मार्च को रवाना करते राव इन्द्रजीत सिंह।

#### पटेल की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक

*इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूती देने का कार्य किया। उन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर देश को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। सरदार पटेल का जीवन इस बात का उदाहरण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही दिशा में किए गए प्रयास किसी भी असंभव कार्य को संभव बनाया जा सकता हैं। गुजरात में निर्मित विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान और उनके एकता संदेश का प्रतीक है। यह प्रतिमा हमें यह याद दिलाती है कि एक सशक्त भारत तभी संभव है, जब हर नागरिक, हर क्षेत्र और हर समुदाय आपसी एकता की भावना से जुड़ा हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सरदार पटेल के दिखाए मार्ग पर चलते हुए जम्मू कश्मीर से धारा 370 खत्म करके देश की एकता और अखंडता को और मजबूत करने का सराहनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी स्वतंत्रता के समय थीं। हम सभी को उनके आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्र को विकसित भारत के रूप में साकार करने में अपना योगदान देना चाहिए।*

#### राष्ट्रीय एकता और स्वदेशी अपनाने की दिलाई शपथ

केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और नागरिकों को एक भारत आत्मनिर्भर भारत के तहत राष्ट्रीय एकता और स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राव तुलाराम स्टेडियम से शहर के विभिन्न चौक से होती हुई यह पदयात्रा लघु सचिवालय के समीप स्थित शहीद स्मारक पर संपन्न हुई।





रेवाड़ी। स्टेडियम में देशभक्ति कार्यक्रम पेश करते कलाकार तथा यूनिटी मार्च में शामिल भाजपा नेता, नागरिक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों ने भरा जोश

राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले के कलाकारों और विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों से लोगों में जोश भरने का कार्य किया। लावण्या फाउंडेशन की ओर से अंजलि और अंजना ने देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवा चुकी छात्रा धारना ने योग क्रियाओं का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रवीन शर्मा, सुनील मूसेपुर, अनिल रायपुर, एसडीएम सुरेश कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल, जिला परियोजना अधिकारी विनोद शर्मा, मेरा भारत के जिला युवा अधिकारी सुमित, जिला खेल अधिकारी ममता, सुधीर यादव और कोच चरण सिंह मौजूद थे।



रेवाड़ी। रक्तदाता महिला को सर्टिफिकेट प्रदान करती वंदना पोपली। फोटो : हरिभूमि

# रोटरी क्लब के कैंप में 72 यूनिट ब्लड एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन की ओर से रविवार को महाराजा अस्पातल के सहयोग से 7वें ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन डा. आरबी यादव गेस्ट ऑफ ऑनर थे। कैंप में 72 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

इस मौके पर क्लब की प्रेसिडेंट नेहा शर्मा ने कहा कि इस साल 1500 यूनिट से ज्यादा ब्लड एकत्रित हुआ है। उन्होंने प्रोजेक्ट चेयरमैन डा. मनीष तनेजा और उनकी टीम की प्रोजेक्ट के लिए सराहना की। क्लब के सेक्रेटरी अनुकूल शर्मा ने कहा कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के 140 क्लबों में यूनिट की संख्या के मामले में क्लब हमेशा अच्छी जगह पर रहा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन डा. मनीष तनेजा और डा. दीप्ति तनेजा ने अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जोगिंदर मेमोरियल ब्लड बैंक ने कैंप में सहयोग दिया। वंदना पोपली ने ब्लड डोनर्स को सर्टिफिकेट प्रदान किए।

**खास बातें**

- रविवार को महाराजा अस्पातल के सहयोग से 7वें ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया।
- मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कैंप का शुभारंभ किया

#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट टीम के मेंबर डा. नवीन अदलखा, दलीप सैनी, वेद प्रकाश कथूरिया, भीमसेन गुलाटी, जतिन अनेजा, धीरज यादव, जेपी चौहान, रुचि चौहान, हरीश मेहंदीरत्ता, राहुल जैन, मनोज चक्रवर्ती, सोनिया चक्रवर्ती, रितु ओबरॉय, कपिल सिंघल, नरेंद्र राव, महेश यादव व सरोज रानी सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।

# कुतुबपुर में 26 को होगा जिला स्तरीय संविधान दिवस समारोह का आयोजन

**रेवाड़ी।** शहर के मोहल्ला कुतुबपुर स्थित जाटव धर्मशाला में रविवार को आम सभा का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता समाजसेवी ओमप्रकाश ने की। बैठक में 26 नवंबर को जिला स्तरीय संविधान दिवस समारोह मनाने को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बुधवार को कुतुबपुर के बुद्धौमाता चौक पर सुबह 10 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला शिरकत करेंगे, जबकि अध्यक्षता विधायक लक्ष्मण सिंह यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली व बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा भाजपा अनसूचित जाति मोर्चा हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भगवानदास रंगा व दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य चौधरी रामनिवास खेड़ी भी मौजूद रहेंगे।



#### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में समाजसेवी चौ. शीशपाल, प्रजापत समाज कुतुबपुर के प्रधान संजय प्रजापत, भाजपा युवा नेता अजय रंगा, एडवोकेट अमित कुमार, भाजपा युवा नेता एडवोकेट मुकेश रंगा, एडवोकेट मनीष रंगा, थानेदार ओमप्रकाश, दिनेश कुमार सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद महेश कुमार, भगवत दयाल, जितेंद, कुलदीप, नरेश चौधरी, दुष्यंत कुमार, अमन कुमार, प्यारेलाल, सतीश कुमार, कपिल देव नंबरदार, दीपेंद्र राव, सुंदरलाल, अजीत कुमार, रमेश जाटव, सुरेश कुमार, जगदीश चंद्र, जय सिंह, हरिकृष्ण पंवार, देवेंद्र यादव, सचिन, मोहित, रवि, शेरसिंहव एडवोकेट अंकित कुमार धानिया मौजूद थे।

### वीआईपी स्कूल में बहुविषयी प्रदर्शनी का आयोजन

# बच्चों ने आकर्षक मॉडल का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रविवार को वीआईपी स्कूल में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी व हिंदी सहित विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने चंद्रयान, संसद भवन व जेसीबी मशीन सहित अनेक नवाचारी एवं आकर्षक मॉडलों का प्रदर्शन किया। शिक्षकों व अभिभावकों ने प्रत्येक मॉडल का अवलोकन कर बच्चों की मेहनत की सराहना की। विद्यार्थियों ने जल चक्र, मानव हृदय का मॉडल, ज्वालामुखी विस्फोट, सौर ऊर्जा मॉडल, हाइड्रोलिक जेसीबी, आरबीआई मॉडल, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, पानी शुद्धिकरण मॉडल, कचरा प्रबंधन, सौरमंडल, लिफ्ट मशीन, बज्जर सिस्टम, रोबोटिक सिस्टम, फुटबॉल स्टेडियम मॉडल, वन्य प्राणियों का मॉडल, कृषि सिंचाई प्रणाली, मिनी ऑक्सीजन प्लांट व क्लाइमेट चेंज मॉडल भी प्रदर्शित किए। स्कूल के चेयरमैन राज सिंह यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डिप्टी जनरल मैनेजर शीला यादव ने छात्रों की रचनात्मकता और विद्यालय की शिक्षण पद्धति की सराहना की। इस तरह की गतिविधियां बच्चों को सीखने के साथ सोचने की नई दिशा देती हैं। प्राचार्य नवीन कुमार, डायरेक्टर नवदीप लांबा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर उषा यादव ने कहा कि विद्यालय बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा और नवाचार के मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है।





रेवाड़ी। प्रदर्शनी में अपने मॉडलों की जानकारी देते विद्यार्थी।



रेवाड़ी। लोगों को जागरूक करते हुए विधायक। फोटो : हरिभूमि

### स्वदेशी सामान उपयोग करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

भाजपा के बलभद्र मंडल में रविवार को लोगों को आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के तहत तुर्कियावास रोड स्थित साधुशाह नगर और अर्जुन नगर के लोगों और दुकानों पर स्टीगर लगाकर के शपथ पत्र भरवाए गए। दुकानदारों से स्वदेशी चीजें उपयोग करने और बेचने का शपथ पत्र भरवाया गया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बलभद्र मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, मंडल महामंत्री महेश यादव, जितेंद्र वर्मा, मनपाल, राजेंद्र, कृष्ण कुमार व गंगा राम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# स्वदेशी, सेवा व संस्कार ही पार्टी की सामाजिक और राजनीतिक यात्रा की मूल पहचान: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने खोल मंडल भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इसके बाद उनका गांव टींट पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस मौके पर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, जिला अध्यक्ष वंदना पोपली व भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू वीरकुमार यादव भी मौजूद थे। जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव की अगुवाई में सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर फणींद्रनाथ शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, संपर्क अभियान बढ़ाने व पार्टी की नीतियों को जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाने कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत उसका प्रत्येक कार्यकर्ता है और स्वदेशी, सेवा व संस्कार ही पार्टी की सामाजिक और राजनीतिक यात्रा की मूल पहचान है। जिला अध्यक्ष वंदना पोपली संगठन की मजबूती पर बल दिया।



रेवाड़ी। फणींद्रनाथ शर्मा का स्वागत करते पदाधिकारी।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद व वरिष्ठ भाजपा महिला नेत्री नीतू चौधरी, समाजसेवी यशु चेयरमैन, प्रभारी वीरेंद्र सिंह छिल्लर, खोरी मंडल अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव, युवा समाजसेवी यतेंद्र रावत, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, सरपंच हेमंत नंगली गोधा, भाजपा नेता धीरज यादव, बीर सिंह छावड़ी, मोनू पीथड़ावास, प्रवीण शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अभय सिंह, एडवोकेट अशोक यादव, टीटू, सत्यवीर व अशोक सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



### रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है : राधेश्याम

**रेवाड़ी।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय पीथड़ावास में रविवार को पांचवें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 38 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम में पंकज यादव ब्लॉक समिति चेयरमैन खोल, नरेश कुमार सरपंच भांडोर व समाजसेवी अमन धामलावास ने शिरकत की। ग्रामीणों ने अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। अध्यापक मुकेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम जांगिड़ व अन्य अतिथियों के साथ मिलकर किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है। सभी को जन कल्याण के लिए अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए। कार्यक्रम में मास्टर सत्यनारायण, रामेश्वर पूर्व पंच, सतीश यादव, ईश्वर सिंह जल सेना अधिकारी, दंत चिकित्सक डा. राजेश कुमार, एडवोकेट हुकम चंद, एडवोकेट गजेश कुमार, प्रवक्ता यशवंत राव, मास्टर अमिल कुमार, समाजसेवी ओमप्रकाश शर्मा व हिंदू युवा वाहिनी सदस्य चंचल राव सहित एचडीएफसी बैंक का सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मानित होंगी सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाएं

### बहादुरी के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को भेजे गए नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर खेलकूद में 20 अवार्ड, सांस्कृतिक गतिविधि में 10 अवार्ड, सामाजिक कार्य में 2 अवार्ड, मीडिया एवं साहित्य में 2 अवार्ड, बहादुरी में 3 अवार्ड, दिव्यांग एवं विशेष बच्चों में 5 अवार्ड एवं चाइल्ड केयर संस्थान के बच्चों के लिए 5 अवार्ड घोषित किए गए है। डीसी मीणा ने बताया कि आवेदन की शर्तों को पूरा करने वाली बालिकाएं पूर्ण बायोडाटा व उपलब्धियों सहित अपना आवेदन 30 नवंबर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय पुराना डीसी ऑफिस में जमा कराएं।



डीसी अभिषेक मीणा।

- कसांस्कृतिक गतिविधि में गाने, संगीत, नृत्य, फोक, कला, पेंटिंग एवं लेखन में अनुकरणीय उपलब्धि
- पूर्ण बायोडाटा व उपलब्धियों सहित अपना आवेदन 30 नवंबर तक जमा करवाएं

#### इन क्षेत्रों में उपलिब्ध पर मिलेगा पुरस्कार

*खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई भी स्थान एवं जिला खेल एवं युवा विभाग द्वारा अनुशंसा की गई हो। सांस्कृतिक गतिविधि में गाने, संगीत, नृत्य, फोक, कला, पेंटिंग एवं लेखन में अनुकरणीय उपलब्धि। इनमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेना एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी द्वारा अनुशंसा की गई हो। सामाजिक कार्यों, शिक्षा, पौधरोपण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि एवं उपायुक्त द्वारा अनुशंसा की गई हो। मीडिया एवं साहित्य के क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि एवं उपायुक्त द्वारा अनुशंसा की गई हो। बहादुरी के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को भेजे गए नाम। इसके अलावा 60 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग एवं स्पेशल बच्चे, जिन्होंने शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया एवं बहादुरी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया गया हो। चाइल्ड केयर संस्थान में रहने वाली बालिकाओं द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया एवं बहादुरी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया गया हो।*

**राजनीति** अनिल की जगह सुनील यादव का नाम सुनाई देने पर बिफरे राव इंद्रजीत

# कोसली के विधायक अनिल यादव, नॉट सुनील यादव... एसडीएम साहब नाम याद नहीं रहे तो कागज पर लिख लेते

- अफसरों को जन प्रतिनिधियों का सम्मान करने की दी कड़ी हिदायत, कहा, जन प्रतिनिधियों को देना पड़ता है हर पांच साल में इम्तिहान

नरेन्द्र वत्स ⏭ रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का गुस्सा रविवार को उस समय सातवें आसमान पर पहुंच गया, जब राव को लगा कि एसडीएम की ओर से कोसली के विधायक अनिल यादव की जगह सुनील यादव का नाम संबोधन में लिया गया है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए राव ने अपने संबोधन में कहा, 'कोसली के विधायक अनिल यादव, नॉट सुनील यादव। एसडीएम साहब अगर नाम याद नहीं रहता, तो लिखकर तो ले आते।' अधिकारी जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना सीख लें, यही मोदी सरकार की नीति भी है। राव सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

अनिल की जगह सुनील का नाम लेने के बाद केंद्रीय मंत्री पहली बार इतने गुस्से में नजर आए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को हर पांच साल में इम्तिहान देना पड़ता है। अधिकारी एक बार इम्तिहान देने के बाद 30-35 साल तक नौकरी करते हैं। मोदी सरकार की नीति है कि अधिकारी जन प्रतिनिधियों को पूरा सम्मान दें।

यह बात जिले के अधिकारियों को भी अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए। राव का गुस्सा उस समय बढ़ गया, जब उन्हें लगा कि एसडीएम ने कोसली के विधायक अनिल यादव की जगह सुनील यादव का नाम संबोधन में लिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह साफ कर चुका है कि सरकारी अधिकारी व कर्मचारी जनता के नौकर हैं। ऐसे में उन्हें जनता के चुने हुए नुमाइंदों को पूरा सम्मान देना चाहिए। आमजन की समस्याओं को सुनना जनप्रतिनिधियों का नैतिक दायित्व है। अधिकारियों को समस्याओं का समाधान तत्परता से करना चाहिए।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते राव इन्द्रजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### चुनावों के बाद भाजपा के कार्यक्रमों से दूरी

वर्ष 2019 में भाजपा की टिकट पर रेवाड़ी से चुनाव लड़ चुके सुनील मूसेपुर इस बार टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, परंतु ऐन मौके पर टिकट उनके हाथ से फिसल गई। इसके बाद उन्होंने अटेली हलके से आरती राव को चुनाव जिताने के लिए अपने समर्थकों के साथ पूरा जोर लगाया था। चुनाव बीतने के बाद सुनील मुसेपुर भाजपा के कई कार्यक्रमों में नजर नहीं आए। आरती और राव के कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति जरूर देखने को मिलती है। राव के तीखे तेवरों के कई मायने निकाले जा रहे हैं।

#### इशारा कहीं सुनील मूसेपुर की ओर तो नहीं

एसडीएम ने अपने संबोधन में कोसली के विधायक अनिल यादव ही कहा था। शायद राव इंद्रजीत सिंह ने अनिल की जगह विधायक का नाम सुनील यादव सुन लिया। या इसे इस रूप में देखा जा सकता है कि मंच पर मौजूद सुनील यादव को निशाना बनाने के लिए राव ने जानबूझकर ऐसा किया हो। चर्चा यह भी है कि विधानसभा चुनावों के बाद से सुनील यादव की राव इंद्रजीत सिंह के साथ पटरी नहीं बैठ रही है, जिस कारण मंच से राव ने अनिल के बहाने सुनील को निशाने पर ले लिया हो।

## खबर संक्षेप

### डॉ. मक्खन लाल को मिला 'समाज रत्न सम्मान-2025'

**नारनौल।** राजस्थान जनमंच ट्रस्ट तथा परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति और पक्षी-चिकित्सालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रेम निकेतन आश्रम जवाहर सर्किल जयपुर में राष्ट्रीय समाज रत्न सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, साहित्य, पर्यावरण, समाज सेवा, कला चिकित्सा, रक्तदान, गोसेवा, विधि, प्राणी कल्याण तथा अंगदान के क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली केवल ग्यारह विभूतियों को अंगवस्त्र, पगड़ी, स्मृतिचिन्ह, अवॉर्ड सर्टिफिकेट एवं ट्रस्ट की पत्रिका प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में हुडा सेक्टर नारनौल निवासी सेवानिवृत खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार से विभूषित डॉ. मक्खन लाल तंवर को पर्यावरण साहित्य की रचना, पौधा रोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के निमित्त 'समाज रत्न सम्मान-2025' प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### एनसीसी का 77वां स्थापना दिवस मनाया

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 16वीं हरियाणा एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में एनसीसी का 77वां स्थापना दिवस मनाया गया। कैडेटों के लिए स्लोगन राइटिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेटों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। संस्थान के एनसीसी प्रभारी मेजर वीरेंद्र कुमार सेकवाल ने एनसीसी के बारे में कैडेटों को विस्तृत रूप से समझाया। उन्होंने कहा कि एनसीसी ने केवल देश की अखंडता, एकता को बनाए रखने में अहम योगदान दे रही है।

### गोमाता के लिए लगाई सवामणि

**नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल सिटी द्वारा गोमाता की सेवा के लिए सवामणि मुहिम का शुभारंभ रविवार को किया गया। गोमाता सवामणि प्रोजेक्ट के इंचार्ज रोटेरियन नवीन गुप्ता की देखरेख में रविवार को रोटेरियन पवन गुप्ता के सौजन्य से सवामणि का आयोजन किया गया। पवन गुप्ता ने गौसेवा करते हुए कहा कि गाय को माता का दर्जा दिया जाता है। गोमाता के संरक्षण के लिए गोशालाओं में क्षेत्र के जागरूक लोग अपना अपना सहयोग प्रदान करते हैं। गायों को हरी सब्जी व चारा खिलाकर मन को शांति मिलती है। प्रधान राजकुमार चौधरी ने कहा कि क्लब द्वारा गोमाता की सेवा के लिए सवामणि लगाई जा रही है।

### सत्य साई बाबा का 100वां जन्मदिन मनाया

**नारनौल।** नेत्रहीन कन्या विद्यालय के प्रांगण में रविवार को श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा भगवान श्री सत्य साई बाबा का 100वां जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित भक्तों ने भक्ति गीत गाकर बाबा के दिव्य जीवन, मानव सेवा और प्रेम तथा करुणा के संदेश को याद किया। भजनों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। समिति द्वारा विद्यालय की छात्राओं के साथ मिलकर केक काटकर जन्मदिन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या कांता गांधी ने सत्य साई बाबा के सेवा और मानवता पर केंद्रित जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं समाज को सद्भाव और सेवा की प्रेरणा देती हैं।

### चूरू-सादुलपुर रेलखंड पर सेवाएं रहेंगी बाधित

**नारनौल।** रेलवे की ओर से चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड पर दुधवाखारा-अस्ल एवं दुधवाखारा-हडवाल स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य हेतु 26 व 27 नवंबर को ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं: गाड़ी संख्या 12323 हावड़ा-बाड़मेर रेलसेवा 25 नवंबर को को हावड़ा से प्रस्थान करेगी।

---

नांगल चौधरी में एकता का भव्य प्रदर्शन: सरदार 150 यूनिटी मार्च आयोजित

# पीएम के स्वदेशी अपनाओ मंत्र को जीवन में उतारने का किया आह्वान

डॉ. अभय सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श भारत की एकता, अखंडता व शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण की नींव हैं।





**नारनौल।** कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव। व यूनिटी मार्च में भाग लेते पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव एवं अन्य फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत सरकार के माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में देश के लौह पुरुष व महान राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी सरदार 150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया गया। एकता मार्च मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज नांगल चौधरी से शुरू होकर लूजोता में सम्पन्न हुई। इस यात्रा में पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एडीसी उदय सिंह, जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, डीएसपी भारत भूषण रहे।

डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श भारत की एकता, अखंडता और शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि लौह पुरुष की सोच, देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाकर आगे बढ़े तो भारत विश्व का सबसे सशक्त और संगठित राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत और फिट इंडिया की पहल में सभी नागरिक अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने नागरिकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ मंत्र को जीवन में उतारने का आह्वान किया और स्वदेशी अपनाओं मंत्र की शपथ

### यह रहे मौजूद

मौके पर बीडीपीओ इशांन शर्मा, यूनिटी मार्च कोऑर्डिनेटर वासुदेव यादव, जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव, मोहित यादव, शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल यादव, बैजनाथ महिला कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनीता तंवर, नगर पालिका चेयरमेन रमेश सैनी, जिला सेक्रेटरी बीजेपी एडवोकेट रिया चौहान, गांव लुजोता के सरपंच प्रतिनिधि सत्यवीर सिंह, मार्केट कमेटी चेयरमेन रमाशंकर, लेखाकार महेंद्र सिंह, सोमदत्त शर्मा, अनिल, अमित भांखरी, हरिश शर्मा, अशोक आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किए। यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों और ग्रामीण नागरिकों ने भारत माता के जयकारे लगाए और पदयात्रियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। पूरे मार्ग पर देशभक्ति और एकता का जोश देखने को मिला। एडीसी उदय सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार राष्ट्र निर्माण के विकास में अपनी भूमिका निभा रही है। जिला और जिला प्रशासन उक्त गतिविधियों के लिए हमेशा आगे रहता है। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया की युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से माय भारत के तहत सरदार 150 यूनिटी मार्च देशभर में चल रहा है जिसके तहत यह जिले की तीसरी पदयात्रा थी। इसके बाद राष्ट्रीय पदयात्रा 26 नवंबर से शुरू है। जिसमें हिस्सा लेने के लिए युवा वेबसाइट या एप्प पर जाकर रजिस्टर कर सकतें है। जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन राष्ट्रीय एकता और स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच संचालन डॉ. सिमरन चौहान ने किया।

भारत के निर्माण में सहयोग दे सकें और युवाओं के अपील कि युवा माय भारत पोर्टल पर अपने आप को रजिस्टर करके युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग की ओर से चलाई

उन्होंने मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज ग्राउंड में एक पेड़ मां के नाम व एक पेड़ देश के नाम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

---

# आरपीएस की ख्याति व साहिल निबंध लेखन में लेंगे भाग



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद के दो मेधावी विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। विज्ञान प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा ख्याति सिंह पुत्री दिनेश चहल व अनू और साहिल यादव पुत्र पंकज यादव व संगीता ने अपनी उत्कृष्ट लेखन क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के दम पर सफलता प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टॉप पॉजीशंस में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। अब ये दोनों विद्यार्थी जिले का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा विद्यालय प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए नियमित रूप से विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय के विद्यार्थी आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सीईओ मनीष राव ने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियां स्कूल और जिले दोनों का नाम रोशन करती हैं। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि विद्यालय अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरते हुए विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी पंचकूला तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी।

---

# दैनिक रेल यात्री संघ ने भेजा पत्र, मार्जिन में सुधार, समय में संशोधन व मार्ग विस्तार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दैनिक रेल यात्री संघ ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ-साथ रेलवे उच्च अधिकारियों को पत्र भेज कर समय मार्जिन में सुधार, समय में संशोधन व मार्ग विस्तार हेतु निवेदन किया है। इस बारे में संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा व महासचिव अशोक कटारिया ने बताया कि ट्रेन संख्या 09639/40 मदार–रोहतक एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 09733/34 भिवानी–जयपुर एक्सप्रेस ट्रेनें मात्र 52 किमी (नारनौल–रेवाड़ी) की दूरी दो से 2.30 घंटे में तय करती हैं, जबकि समान मार्ग की पैसेंजर ट्रेन यह दूरी लगभग 1 घंटा 15 मिनट में पूरी करती है। उन्होंने बताया कि इससे अनावश्यक समय अधिक होने से यात्रियों को कठिनाई होती है। कम समय वाले विकल्पों के कारण यात्री इन ट्रेनों से यात्रा नहीं करते, जिससे रेलवे को राजस्व हानि होती है। तकनीकी सुधार की स्थितिः काठूवास–रेवाड़ी खंड पर अब डब्लूडीएफसी की अतिरिक्त लाइन एवं अटेली से कुंड तक लाइन डबलिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।अतः परिचालन दृष्टि से समय कम करना अब पूर्णतः संभव है। प्रस्तावित समय सुधारः ट्रेन संख्या 09639 मदार–रोहतक एक्सप्रेस को नारनौल से सुबह 8:30 बजे प्रस्थान व रेवाड़ी 9:30 बजे आगमन का समय निर्धारित किया जाए। इससे यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी, जनशताब्दी एक्सप्रेस में सीटिंग टिकट के अलावा मजबूरन चढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ जैसी समस्या समाप्त होगी तथा 09639 ट्रेन, उसमें यात्री भार भी बढ़ेगा। ट्रेनों का मार्ग विस्तारः ट्रेन संख्या 09639 मदार-रोहतक एक्सप्रेस के सुबह के समय में थोडा.संशोधन कर इस ट्रेन का जींद तक विस्तार किया जा सकता है। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09733 भिवानी जयपुर एक्सप्रेस के समय में भी थोड़ा सा संशोधन करके इसका हिसार तक विस्तार किया जा सकता है। लोकहित में उपरोक्त दोनों ट्रेनों का समय मार्जिन घटाकर अधिकतम एक घंटे का करके ट्रेन संख्या 09639 का जींद तथा ट्रेन संख्या 09733 का हिसार तक विस्तार करने की मांग रखी गई है, ताकि यात्रियों एवं रेलवे दोनों को लाभ हो।



## रक्तदान शिविर 30 नवंबर को

**नारनौल।** शहर की अग्रणी एवं सामाजिक संस्था नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 30 नवंबर को ट्रॉमा सेंटर नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

ट्रॉमा सेंटर नागरिक अस्पताल में लगाया जाएगा शिविर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश कुमार प्राचार्य एमएलएस डीएवी स्कूल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी आशीष यादव रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक मनीष गोगिया संस्थापक नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने बताया कि यह संस्था का 39वां रक्तदान शिविर होगा। उन्होंने बताया कि शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी, ब्लड बैंक नागरिक अस्पताल व रोटरी क्लब रॉयल्स का विशेष सहयोग रहेगा।

# नेत्र जांच शिविर में कराई लोगों ने आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर स्कूल सेहलंग के संस्थापक स्वर्गीय राजेंद्र भारद्वाज की की 16वीं पुण्यतिथि पर विशाल नेत्र शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहे। प्रवीण यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथिगणों ने परिसर में स्थापित स्वर्गीय राजेंद्र भारद्वाज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, जिसके पश्चात चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने बुके देकर मुख्यातिथि का औपचारिक स्वागत किया। नेत्र शिविर का संचालन गंगा देवी पांडेय आई अस्पताल की विशेषज्ञ डॉक्टरों टीम द्वारा किया गया।

मुख्यातिथि ने डॉक्टरों और स्टाफ से मुलाकात कर पूरे शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वयं भी अपनी आंखों की जांच करवाई। विद्यालय परिसर में बनाए गए शिविर में कुल लगभग 1189 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। जांच के दौरान डॉक्टरों ने रोशनी की क्षमता, परदे की स्थिति, संक्रमित या एलर्जी संबंधी समस्याओं आदि का विस्तृत मूल्यांकन किया मोतियाबिंद के मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए आगे की तिथि प्रदान की गई। चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने बताया कि यह नेत्र शिविर हर वर्ष संस्थापक की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में आयोजित किया जाता है और संस्था समाज सेवा के ऐसे कार्य आगे भी जारी रखेगी। उन्होंने क्षेत्र से आए सभी ग्रामीणों डॉक्टर टीम और स्टाफ का धन्यवाद व्यक्त किया।

# गीता महोत्सव में विद्यार्थी अंश ने भाषण में पाई सफलता



**महेंद्रगढ़।** छात्र अंश को सम्मानित करते हुए।

**कनीना।** आरआरसीएम पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय गीता महोत्सव भाषण प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अंश पुत्र नवीन कुमार को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल मे किया गया, जिसमें छात्र अंश ने तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। संस्था चेयरमैन रोशन लाल ने बताया कि इस प्रकार कि प्रतियोगिता के द्वारा विद्याथियों में सृजनशीलता व रचनात्मक कौशल के विकास के साथ-साथ उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। प्राचार्य हरिप्रकाश ने बताया कि इन गतिविधियों से विद्याथियों में मानवीय मूल्यों, चिंतन व तर्क शक्ति का विकास होता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता मे सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को शुभकामना व बधाई प्रदान की।

## *जोड़ों व नसों के दर्द का चिकित्सा कैंप संपन्न*

नारनौल। रेवाड़ी रोड स्थित सरस्वती गार्डन के नजदीक नीरज क्लीनिक पर गत 17 नवंबर से चल रहे साप्ताहिक चिकित्सा शिविर का रविवार को समापन कर दिया गया। यह जानकारी देते हुए चिकित्सा कैंप की आयोजक डा. मंजू यादव ने बताया कि माइग्रेन, स्पाईन, निज्वाईट केयर सेंटर के तत्वावधान में यह चिकित्सा कैंप कैलाश नगर गली नंबर 4 के आखिर में एक निजी मकान में आयोजित कैंप का अंतिम दिन तक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस कैंप में असाध्याय रोग जैसे सिरदर्द, कमर व घुटनों के दर्द, नसों के दर्द आदि से परेशान रोगियों का उपचार किया गया।

# यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने फिजिकल साइंस की टॉप-10 सूची पर किया कब्जा

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा फिजिकल साइंस के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में से पांच स्थान पर कब्जा किया, इस परीक्षा परिणाम में तमन्ना पुत्री कृष्ण कुमार ने मैथ ऑनर्स में विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया, केमिस्ट्री ऑनर्स से तमन्ना पुत्री सुनील कुमार ने तीसरा, साक्षी पुत्री सतीश कुमार ने नॉन मेडिकल में चौथा, तनु पुत्री सुनील कुमार ने मैथ ऑनर्स में पांचवा व रुचि पुत्री दीपक कुमार ने मैथ ऑनर्स में 10वां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का नाम भी रोशन किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह परीक्षा परिणाम संस्था के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इन विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन, अध्ययनशीलता और लक्ष्य के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है।

गांव में किए गए उल्लेखनीय विकास कार्यों पर एक फिल्म भी बनाई

# कांग्रेस ने राधेश्याम गोमला को पंचायती प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रशिक्षक बनाया

राधेश्याम गोमला सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता व अनुभवी पंचायती राज प्रशिक्षक के रूप में पूरे प्रदेश में पहचान रखते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंचायती राज विशेषज्ञ राधेश्याम गोमला को कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने नियुक्ति पत्र जारी कर राधेश्याम गोमला को कांग्रेस की पंचायत विंग राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का राष्ट्रीय प्रशिक्षक नियुक्त किया है। पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर कुल 10 राष्ट्रीय प्रशिक्षकों की नियुक्ति की है, जिनमें राधेश्याम गोमला भी शामिल हैं। राधेश्याम गोमला सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता व अनुभवी पंचायती राज प्रशिक्षक के रूप में पूरे प्रदेश में पहचान रखते हैं। सरपंच कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपने गांव को न सिर्फ राष्ट्रपति अवॉर्ड दिलवाया, बल्कि संयुक्त राष्ट्र संगठन से भी सराहना प्राप्त की। गांव में किए गए उनके उल्लेखनीय विकास कार्यों पर एक फिल्म भी बनाई गई, जिसने उनकी कार्यशैली को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

### *प्रदेशभर के पंचायती राज प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण*



राधेश्याम गोमला

सरकारी तौर पर पंचायती राज संस्थाओं के प्रशिक्षक रहते हुए उन्होंने प्रदेशभर के पंचायती राज प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया। इसके बाद में उन्होंने सरकारी पद से त्यागपत्र देकर देशभर में नि:शुल्क प्रशिक्षण अभियान शुरू किया। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र में उन्होंने हजारों प्रतिनिधियों को बिना किसी शुल्क के प्रशिक्षित किया। महाराष्ट्र में प्रसिद्ध अभिनेता व समाजसेवी नाना पाटेकर के साथ मिलकर उन्होंने वैजापुर तहसील के धोंधलगांव को गोद लिया और मात्र 29 दिनों में गांव का ढांचागत रूप बदलकर मिसाल कायम की। पंचायती राज के विकास के साथ उन्होंने 2013 में हरियाणा में एक बड़ा अभियान शुरू किया था। जिसके तहत पूर्व विधायकों व सांसदों की तरह पूर्व पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला पार्षद व नगर निकायों के प्रतिनिधियों को पेंशन देने की मांग उठाई। वर्तमान में राधेश्याम गोमला सक्रिय रूप से राजनीतिक गतिविधियों में भी हिस्सा ले रहे हैं। नियुक्ति को लेकर आभार जताते हुए गोमला ने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के मंच से वे देशभर में प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित कर पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने का प्रयास जारी रखेंगे।

हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (201 से 250)

❖ श्री दलवीर सिंह सुपुत्र श्री दयानंद, 668/5, उत्तम विहार, रोहतक ❖ श्री नीरू, 993/18, रोहतक ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री सोमनाथ, 527/25, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री जयप्रकाश सुपुत्र श्री भीम सिंह, नांदल, लाखनमाजरा, रोहतक ❖ श्रीमति वीरा देवी पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 26, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नीरू चहल सुपुत्र श्री श्रवण कुमार, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री राजेश कुमार सुपुत्र श्री दीपचंद, न.नं. 1306/31, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री हरिवंदर सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री तुषार कथूरिया सुपुत्र रविंदर कथूरिया, म.नं. 194818, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री श्याम कपूर सुपुत्र श्री मूलचंद कपूर, सी 312, नजदीक शिव मंदिर, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री सुमेर सिंह सुपुत्र स्व. श्री निहाल सिंह, गांव सैमाण, तह. महम, रोहतक ❖ श्री हरीश कुमार सुपुत्र श्री खरेती लाल, 709/12, प्रधाना मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कैलाश चंद्र सुपुत्र हरिसिंह, 1445/22, ओल्ड विजय नगर, रोहतक ❖ श्री प्रमोद सुपुत्र राज सिंह, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मांगेराम सुपुत्र लखीराम, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ श्री सुरेंद्र सुपुत्र देव सिंह, 2149/50 सेक्टर 1, रोहतक ❖ परिणीता सुपुत्र कुलदीप, सेक्टर 1, रोहतक ❖ श्री राजेन्द्र कृपाल सुपुत्र स्व. शिवराम, 95/29, जसबीर कालोनी, रोहतक ❖ श्री कंदीप सुनेजा सुपुत्र श्री हरीश सुनेजा, 1210/5, पंजी मौहल्ला, तह. व जिला रोहतक ❖ श्री संदीप सूरजा सुपुत्र श्री हरीश सूरजा, 1210/5, पीरजी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश ढुल सुपुत्र बलवंत सिंह, शास्त्री नगर, हिसार बाईपास रोहतक ❖ श्री मोहित चुघ सुपुत्र श्री मदनलाल, 52ए/26, जवाहर नगर रोहतक ❖ श्री ओमपति प्रताप सिंह सुपुत्र स्व. प्रताप सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री वंश सुपुत्र रोहित जसपाल, हनुमान कॉलोनी, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्रीमति त्रिपति विज पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 323, फेस सी, प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक ❖ श्रीमति संतोष पत्नी श्री राजबीर सिंह, देव कॉलोनी, नजदीक सीएसडी कैंटीन, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री ऋषि राम, म.नं. 659/45/21, विशाल नगर, रोहतक ❖ श्री रवि सुपुत्र प्रदीप, गांव मोखरा (रोज), रोहतक ❖ श्री संदीप सुपुत्र श्री भगत सिंह, 650/35, जनता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मनोहर लाल सुपुत्र श्री जीवनदास, गांव बैंसी, पुराना बाजार, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति गुनिका सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार, म.नं. 643 सी/30, आदर्श नगर, रोहतक ❖ श्री जय किशन आरती सुपुत्र श्री रामचंद्र, किलोई (दोपाना), रोहतक ❖ श्री दीपक सुपुत्र श्री रामकिशन म.नं. 136 टाइप नं. 1, एमडीयू कैंपस ❖ श्री राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शीशपाल, गांव व डा. नांदल, रोहतक ❖ श्रीमति ऋतिका सुपुत्री श्री नारायण सिंह, वार्ड नं. 10, नियर रविदास मंदिर, कलानौर, रोहतक ❖ श्री धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, म.नं. 2354, नई राजेन्द्रा कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राहुल सुपुत्र श्री सुरेश, खरक जाटान, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्री अन्नु सुपुत्र बिजेंद्र, खरक जाटान, तह. लाखनमाजरा रोहतक ❖ श्री सुंदर सिंह सुपुत्र श्री देवेंद्र सिंह, गांव भालौठ, रोहतक ❖ श्रीमति कौशल्या रानी सुपुत्र श्री कलीराम, 143, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र प्रभाती राम, म.नं. 575/31, अंबेडकर कॉलोनी गली नं. 3, रोहतक ❖ श्री भगवान सुपुत्र इन्द्र सिंह, राव्याण, किलोई दोपाना, रोहतक ❖ श्रीमति सुशील देवी सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह, 582/29, तिलक नगर, रोहतक ❖ श्रीमति भावना भाटिया पत्नी रमेश कुमार, चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नरसिंह दास सुपुत्र श्री राम सहाय, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री मुन्नीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, म.नं. 98, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री अर्जुन दास, 69 बी/3, मंदीप स्कूल वाली गली, रोहतक ❖ श्री जोगिन्दर प्रकाश चावला सुपुत्र श्री राम नारायण, 73/4, शिवाजी कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री अजय सिंधु सुपुत्र बीएस सिंधु, म.नं. 815/29, कमल कॉलोनी, रोहतक ❖ श्रीमति पूनम सुपुत्री श्री नरेंद्र सिंह, जाट कॉलोनी, वार्ड नं. 15, कलानौर, रोहतक

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

- कार्यालय पता -

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी
सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005